# पेसा अधिनियम

## प्रलिम्सि के लयि:

पेसा अधिनियम, 73वाँ संवधािन संशोधन, लघु वनोत्पाद

## मेन्स के लयि:

पेसा अधिनियम की वशिषताएँ एवं इससे जुड़ी समस्याएँ

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में छत्तीसगढ़ सरकार ने पंचायत उपबंध (अनुसूचति क्षेत्रों तक वसि्तार) अधनियिम (पेसा), 1996 के तहत मसौदा नयिम तैयार कयि हैं, इसे छत्तीसगढ़ पंचायत प्रावधान (अनुसूचति का वसि्तार) नयिम, 2021 करार दयिा है।

- छत्तीसगढ़ में **आदवािसी कुछ समय से पेसा नयिम** लागू करने की मांग कर रहे हैं क्योंकि इससे उन्हें अपने संसाधनों पर अधकि अधकिार मलिगा।
- वधियक में शक्त िके अवमूल्यन और ग्राम स्तर पर ग्राम सभाओं को मज़बूत करने की परकिल्पना की गई है।
- छह राज्यों (हमािचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र) ने पेसा कानून बनाए हैं और यद िये नयिम लागू होते हैं तो छत्तीसगढ़ इन्हें लागू करने वाला सातवाँ राज्य बन जाएगा।

## प्रमुख बदि्

- **पेसा अधनियिम 1996 के बारे में:**
  - **पृष्ठभूम:ि** ग्रामीण भारत में स्थानीय स्वशासन को बढ़ावा देने के लयि 1992 में 73वाँ संवधािन संशोधन पारति कयिा गया था।
    - इस संशोधन द्वारा त्रस्तिरीय पंचायती राज संस्था के लयि कानून बनाया गया।
    - हालाँकि अनुच्छेद 243 (M) के तहत अनुसूचति और आदवािसी क्षेत्रों में यह प्रतबिंधति था।
    - वर्ष **1995 में भूरयिा समति की सफिारशिों के बाद** भारत के अनुसूचति क्षेत्रों में रहने वाले लोगों हेतु आदवािसी स्वशासन सुनश्चिति करने के लयि पेसा अधनियिम 1996 अस्तत्वि में आया।
  - **राज्य सरकार की भूमकिा:** पेसा, अनुसूचति क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लयि ग्राम सभाओं (ग्राम वधािनसभाओं) के माध्यम से स्वशासन सुनश्चिति करने हेतु केंद्र द्वारा अधनियिमति कयिा गया था।
  - राज्य सरकारों को अपने संबंधति पंचायत राज अधनियिमों में संशोधन करने की आवश्यकता थी जो क िपेसा के जनादेश के साथ असंगत होगा।
  - **उद्देश्य:** यह कानूनी रूप से आदवािसी समुदायों, अनुसूचति क्षेत्रों के नविासयिों के अधकिार को स्वशासन की अपनी प्रणालयिों के माध्यम से स्वयं को शासति करने के अधकिार को मान्यता देता है।
    - यह प्राकृतकि संसाधनों पर उनके पारंपरकि अधकिारों को स्वीकार करता है।
- **पेसा अधनियिम में ग्राम सभा का महत्व:**
  - **लोकतांत्रकि वकिेंद्रीकरण:** पेसा ग्राम सभाओं को वकिास योजनाओं की मंज़ूरी देने और सभी सामाजकि क्षेत्रों को नयिंत्रति करने में महत्त्वपूर्ण भूमकिा नभिाने का अधकिार देता है। इस प्रबंधन में नम्नलिखिति शामलि है:
    - जल, जंगल, ज़मीन पर संसाधन।
    - लघु वनोत्पाद।
    - मानव संसाधन: प्रक्रयिाएँ और कार्मकि जो नीतयिों को लागू करते हैं।
    - स्थानीय बाज़ारों का प्रबंधन।
    - भूम िअलगाव को रोकना।
    - नशीले पदार्थों को नयिंत्रति करना।
  - **पहचान का संरक्षण:** ग्राम सभाओं की शक्तयिों में सांस्कृतकि पहचान और परंपरा का रखरखाव, आदवािसयिों को प्रभावति करने वाली योजनाओं पर नयिंत्रण और एक गाँव के क्षेत्र के भीतर प्राकृतकि संसाधनों पर नयिंत्रण शामलि है।
  - **संघर्षों का समाधान:** इस प्रकार पेसा अधनियिम ग्राम सभाओं को बाहरी या आंतरकि संघर्षों के खलिाफ अपने अधकिारों और परविश के

सुरक्षा तंत्र को बनाए रखने में सक्षम बनाता है।
    - **पब्लिक वॉचडॉग:** ग्राम सभा को अपने गाँव की सीमा के भीतर नशीले पदार्थों के निर्माण, परिवहन, बिक्री और खपत की निगरानी और निषेध करने की शक्तियाँ प्राप्त होंगी।
- **पेसा से संबंधित मुद्दे:**
    - **आंशिक कार्यान्वयन:** राज्य सरकारों को इस राष्ट्रीय कानून के अनुरूप अपने अनुसूचित क्षेत्रों के लिये राज्य कानूनों को अधिनियमित करना चाहिये।
        - इसके परिणामस्वरूप पेसा आंशिक रूप से कार्यान्वित हुआ है।
        - आंशिक कार्यान्वयन ने आदिवासी क्षेत्रों, जैसे- झारखंड में स्वशासन को विकृत कर दिया है।
    - **प्रशासनिक बाधाएँ: कई विशेषज्ञों ने दावा किया है कि पेसा स्पष्टता की कमी, कानूनी दुर्बलता, नौकरशाही उदासीनता, राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी, सत्ता के पदानुक्रम में परिवर्तन के प्रतिरोध आदि के कारण सफल नहीं हुआ।**
    - **वास्तविकता के स्थान पर कागज़ी अनुसरण:** राज्य भर में किये गए सोशल ऑडिट में यह भी बताया गया है कि वास्तव में विभिन्न विकास योजनाओं को ग्राम सभा द्वारा केवल कागज़ पर अनुमोदित किया जा रहा था, वास्तव में चर्चा और निर्णय लेने के लिये कोई बैठक नहीं हुई थी।

## भारत की जनजातीय नीति:

- भारत में अधिकांश जनजातियों को सामूहिक रूप से अनुच्छेद 342 के तहत 'अनुसूचित जनजाति' के रूप में मान्यता दी गई है।
- भारतीय संविधान का **भाग X: अनुसूचित और जनजातीय क्षेत्र** में निहित **अनुच्छेद 244** (अनुसूचित क्षेत्रों और जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन) द्वारा इन्हें आत्मनिर्णय के अधिकार (Right to Self-determination) की गारंटी दी गई है।
    - संविधान की 5वीं अनुसूची में अनुसूचित और जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन एवं नियंत्रण तथा छठी अनुसूची में असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम राज्यों के जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन संबंधी उपबंध किये गए हैं।
- पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम 1996 या पेसा अधिनियम।
- जनजातीय पंचशील नीति।
- अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 वन में रहने वाले समुदायों के भूमि और अन्य संसाधनों के अधिकारों से संबंधित है।

## आगे की राह

- यदि पेसा अधिनियम को अक्षरशः लागू किया जाता है, तो यह आदिवासी क्षेत्र में मरणासन्न स्वशासन प्रणाली को फिर से जीवंत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है।
- यह पारंपरिक शासन प्रणाली में खामियों को दूर करने और इसे अधिक लिंग-समावेशी एवं लोकतांत्रिक बनाने का अवसर भी देगा।

## स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pesa-act-2